हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026

11 सफाई व्यवस्था की फील्ड में जाकर निगरानी करें




12 राष्ट्रीय महिला दिवस : कविताओं से दिया संदेश



## खबर संक्षेप

### छारा में शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**बहादुरगढ़।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की पावन स्मृति में गांव छारा की बाबा संतोक दास धर्मशाला में शनिवार 14 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंचायत सदस्य मास्टर अनिल दलाल ने बताया कि इंडेपथ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके एवं मुस्कान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में पीजीआई रोहतक की विशेषज्ञ टीम द्वारा रक्त संचय किया जाएगा।

### पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि 38वें नेशनल गेम्स 2025, उत्तराखंड में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ी नकद पुरस्कार प्राप्त करने के लिए खेल विभाग की वेबसाइट हरियाणा खेल कैशअवार्ड डॉट इन पर शनिवार तक अपना ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। यह योजना खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

### बिरधाना गांव में विशाल कुश्ती दंगल कल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरधाना में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में रविवार को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति के प्रवक्ता ने बताया कि कुश्ती दंगल में विजेता पहलवानों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 31 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा कई छोटी कुश्तियां भी कराई जाएंगी।

### अवैध हथियार सहित दो युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा 2 ने अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल व चार कारतूस बरामद हुए हैं। सीआईए ने दोनों आरोपियों को नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर पुल के नीचे से काबू किया है। इनकी पहचान सिद्धार्थ व कार्तिक के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के रहने वाले हैं। इन पर सिटी थाने में केस दर्ज किया है।

### अधिकांश पार्षदों ने नगर परिषद प्रधान पर लगाया अनदेखी का आरोप

# 31 में से 24 निर्वाचित पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार, 122 करोड़ का बजट अटका

**कुल 37 सदस्यों में से चेयरपर्सन समेत 9 सदस्य ही बैठक में पहुंचे, कोरम पूरा नहीं हुआ**

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

नगर के अधिकांश पार्षदों ने बजट बैठक का बहिष्कार किया। कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक नहीं हुई और 122 करोड़ रुपये का बजट पारित नहीं हो पाया। नाराज पार्षदों ने परिषद के बाहर विरोध जाहिर किया। आरोप लगाया कि चेयरपर्सन उनकी अनदेखी कर रही हैं। हालांकि 3 कांग्रेस समर्थित पार्षदों के बैठक में पहुंचने के बाद कई तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं।

शुक्रवार को नगर परिषद की बजट बैठक बुलाई गई थी, लेकिन 31 निवार्चित पार्षदों में से 7 ही बैठक में पहुंचे। बहादुरगढ़ नगर परिषद में 31 निर्वाचित पार्षद, एक चेयरपर्सन, तीन मनोनीत पार्षद के अलावा सांसद व विधायक भी सदस्य हैं। बैठक में साढ़े 11 बजे चेयरपर्सन सरोज राठी मीटिंग हॉल में पहुंचीं। उनके साथ उप प्रधान पालेराम शर्मा, सविता सैनी व राजेश तंवर थे। दस मिनट बाद सुनैना मलिक, रजनेश मोनू, बलराम दलाल मिंटू व प्रवीण छिल्लर भी आ गए। कुछ देर बाद मनोनीत पार्षद राजबाला भी आ गईं, लेकिन अन्य पार्षद नहीं आए। ईओ अरुण नांदल के साथ प्रधान व सभी पार्षद 12 बजकर 26 मिनट पर बाहर आ गए।



बहादुरगढ़। बैठक में पार्षदों का इंतजार करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के बाहर अपनी नाराजगी जाहिर करते पार्षद।

बजट 2026-2027

### 122.04 करोड़ की आय का लक्ष्य

नगर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 122 करोड़ 4 लाख रुपये की आय का अनुमान लगाया था। इसके अनुसार सरकारी ग्रांट से 53 करोड़ 73 लाख, 13 करोड़ 35 लाख टैक्स से, स्टॉम्प ड्यूटी व सैस से 21 करोड़, किराये से 41 लाख, दुकानों की बिक्री से 4 करोड़, विकास शुल्क से 8 करोड़, यूजर चार्ज से एक करोड़, बिल्डिंग फीस से एक करोड़, विज्ञापन से 20 लाख, अन्य ग्रांट से साढ़े 6 करोड़ और ब्याज से 3 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि एक अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बहादुरगढ़ नगर परिषद की आय 89 करोड़ 63 लाख 59 हजार 573 हुई है। शेष 3 महीनों में 26 करोड़ 65 लाख रुपये की आय की उम्मीद की गई है।

### 121.72 करोड़ के खर्च का अनुमान

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 121 करोड़ 72 लाख रुपये के खर्च का बजट बनाया गया था। इसमें वेतन आदि पर 20 करोड़ 20 लाख, बिजली बिल, फर्नीचर व प्रचार आदि पर साढ़े 5 करोड़, सफाई आदि कार्यों पर करीब 38 करोड़, पार्कों, कम्युनिटी सेंटर, स्ट्रीट लाइट व नालों की रिपेयर पर 18 करोड़, स्ट्रे डॉग समेत अन्य मदों पर 92 लाख और विकास कार्यों पर 29 करोड़ 61 लाख खर्च होंगे। जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 111 करोड़ 47 लाख 90 हजार रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। इसमें एक अप्रैल से 31 दिसंबर तक 72 करोड़ 39 लाख 42 हजार खर्च हो चुके हैं। जबकि तीन महीने में 28 करोड़ 10 लाख रुपये के खर्च का अनुमान है। इस तरह सौ करोड़ 49 लाख 69 हजार खर्च होने की उम्मीद है।

#### नहीं हो रहे काम



बैठक में 7 निवार्चित और 1 मनोनीत पार्षद व प्रधान ही पहुंचे। गत साढ़े 3 सालों से पार्षद अपने वार्डों के काम करवाने के लिए गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अनसुना किया जा रहा है। इसीलिए बैठक का विरोध करना मजबूरी हो गया है।

\- संदीप अहलावत, पार्षद

#### बजट की कॉपी नहीं दी



हमें बजट की कॉपी ही नहीं भेजी गई। प्रोसिडिंग बुक में मनमाफिक एंट्रियां की जा रही हैं। नगर परिषद की कार्यशैली से भाजपा को भी नुकसान हो रहा है। अनदेखी से नाराज होकर पार्षदों ने बैठक से दूरी बनाई है। बैठक के अलावा कोई नहीं पूछता।

\- अशोक शर्मा, पार्षद

#### कोई भेदभाव नहीं किया



शहर के विकास में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा। सभी वार्डों के टेंडर लगाए जा चुके हैं। यह बजट शहर के विकास को गति देने वाला है। पार्षदों को बैठक का बहिष्कार करने की बजाय सदन में अपनी बात रखनी चाहिए थी।

\- सरोज राठी, प्रधान, नगर परिषद

#### सभी वार्डों के टेंडर हुए



सभी वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर लगाए जा चुके हैं। दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य करवा दिए जाएंगे। पार्षदों को विकास में सहयोगी भूमिका निभानी चाहिए।

\- अरुण नांदल, ईओ

## 35 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर पुलिस ने मालिकों को सौंपे



झज्जर। गुम हुए मोबाइल मिलने पर उत्साहित लोग पुलिस टीम के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस की साइबर सेल टीम ने पिछले एक महीने में करीब 7 लाख 30 हजार रुपये मूल्य के 35 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक ने बताया कि डिजिटल युग में मोबाइल केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंकिंग जानकारी और निजी डाटा का संग्रह होता है। ऐसे में मोबाइल गुम होने पर उसके दुरुपयोग की आशंका भी बढ़ जाती है।

साइबर सेल द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की तकनीकी विश्लेषण के आधार पर लगातार मॉनिटरिंग कर यह सफलता प्राप्त की गई। जिनको पाकर सभी ने पुलिस का आभार जताया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते उसे ब्लॉक व ट्रेस किया जा सके।

## नशीली गोलियों के साथ आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीआईए की एक टीम द्वारा प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम शहरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दीपांशु निवासी माता गेट नशीली गोलियां बेचने की फिराक में बादली रोड श्मशान घाट के पास खड़ा हुआ है। इस पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक प्रीतम की टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर दो पत्ते नशीली गोलियां बरामद की गईं। आरोपी से बरामद नशीले दवाइयां की पुष्टि के लिए ड्रग्स इंस्पेक्टर व सरकारी डॉक्टर से राय ली गई तो उन्होंने बताया कि यह गोलियां नशीली हैं और सरकार द्वारा इन पर रोक लगाई गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### कोमल ज्वेलर्स डकैती में 7वां आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** कोमल ज्वेलर्स पर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजेंद्र निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। राजेंद्र से पुलिस रिमांड के दौरान 3 लाख रुपये नकद, 2 किलो 145 ग्राम घोटा चांदी तथा बैंक खाते से 1 लाख 60 हजार रुपये की राशि रिकवर की गई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। दरअसल, आठ अक्टूबर की अल सुबह कोमल ज्वेलर्स पर यह वारदात हुई थी। वैगनआर कार में सवार होकर आए 5 डकैतों ने वारदात को अंजाम दिया था। इससे पहले मामले में छह आरोपी पकड़कर जेल भेजे जा चुके हैं। जिनसे 22.50 लाख रुपये नकद, 92 ग्राम चांदी व 15 किलो घोटा चांदी बरामद की जा चुकी थी। अब सातवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### छोटूराम नगर में वारदात

## दो मकानों से सवा दो लाख रुपये और आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर मकान में घुसकर दो लाख 20 हजार रुपये सहित सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर लाइनपार पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में तस्लीम ने कहा है कि छोटूराम नगर वार्ड-10 स्थित एक मकान में वह अपनी मां और बहन के साथ रहता है। साथ लगते कमरे में मामा-मामी रहते हैं। कुछ दिन पहले सुबह के वक्त हम सभी काम पर चले गए। पीछे से कमरों में कोई नहीं था। जब शाम को वापस आए तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर हमारे कमरे से दो लाख दस हजार रुपये गायब थे। वहीं मामा के कमरे से दस हजार रुपये की नकदी, मंगलसूत्र, कानों की बालियां व चांदी की पायल आदि आभूषण नहीं मिले।

**मामा-भांजे के मकान में हुई चोरी**

### फंदे पर लटका मिला 20 वर्षीय युवक का शव

**बहादुरगढ़।** शहर की बंबे वाली गली में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय आशीष के रूप में हुई है। मूल रूप से बलरामपुर यूपी का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां बंबे वाली गली में पिता और भाई के साथ रह रहा था। शुक्रवार दोपहर को वह कमरे में फंदे पर लटका देखा गया। मामले में सामने आया है कि वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी और तभी असल कारण सामने आ सकेंगे। फिलहाल पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस पोस्टमार्टम कराएगी।

### जहांगीरपुर के पास छापा

## ईंट-भट्टे से दो बाल मजदूर मुक्त कराए, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** जिले में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान के तहत जहांगीरपुर के निकट स्थित एक ईंट भट्ठे से दो बाल श्रमिक रेस्क्यू किए गए। आरोपी भट्ठा संचालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। मुक्त कराए गए दोनों बच्चे बिहार मूल के हैं और इनमें एक की उम्र करीब 14 तो दूसरे की उम्र दस साल है। आरोप है कि वहां से कई नाबालिग श्रमिक भगा दिए गए, लेकिन ये दो बच्चे काम करते मिल गए। जिला विधिक प्राधिकरण झज्जर से एडवोकेट विक्रम ने अभियान की अगुवाई की। टीम में मानव तस्करी विरोध इकाई से एएसआई संदीप, एचसी पवन, पैरालीगल वॉलंटियर कर्मजीत, लेबर डिपार्टमेंट से इंस्पेक्टर बलराज, बाल संरक्षण इकाई से सुनीता देवी, एमडीडी ऑफ इंडिया झज्जर से मनोज कुमार व संदीप जांगड़ा आदि शामिल थे।

**एक की उम्र 14 तो दूसरे की दस साल**

PARAMOUNT COLLEGE OF NURSING
Chhuchhakwas ( Jhajjar )
We're Hiring
Principal - 1
No Salary Bar for Deserving Candidates
Qualification - M.Sc. Nursing
With 3 year experience
Assistant Professor - 5
Qualification - M.Sc. Nursing
Nursing Tutor - 10
Qualification - B.Sc. Nursing/
GNM 2 year experience
Free Accommodation For Staff
Interview
Any working Day 10:00 am
Whatsapp Your Resume
9813503003 , 9050568317



## छुड़ानी धाम के पास अधूरे नाले से भक्तों को हादसे का खतरा



बहादुरगढ़। दुल्हेड़ा छुड़ानी मार्ग पर निमार्णाधीन नाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छुड़ानी धाम में 26, 27 व 28 फरवरी को लगने वाले विशाल मेले को लेकर तैयारियां तेज हैं, लेकिन मेले से पहले सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है। छुड़ानी धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे बनाया जा रहा नाला अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। छत्री साहिब मंदिर, छुड़ानी धाम की ओर से उपायुक्त झज्जर को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि दुल्हेड़ा से छुड़ानी की ओर जाते समय सड़क के किनारे नाला खोदा गया है, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा है। ऐसे में आशंका है कि किसी भी समय वाहन नाले में गिर सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन से आग्रह किया गया है कि मेले के आयोजन से पहले नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि श्रद्धालुओं, आम नागरिकों और वाहनों की आवाजाही सुरक्षित रह सके। चूंकि मेले के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु छुड़ानी धाम पहुंचते हैं। यदि समय रहते नाले का निर्माण पूरा नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहेगी।

**छुड़ानी धाम की ओर से डीसी को पत्र भेजकर की अपील**

Give Your Child A Right Start...
FOUNDATION PUBLIC SCHOOL
JHAJJAR ROAD, BAHADURGARH (HR.) 124507
AFFILIATED TO CBSE | AFFILIATION NO. 531762
ADMISSION OPEN
2026–27 ENROLL NOW
SPORTS ACADEMY AVAILABLE
• Basketball • Volleyball
• Cricket • Table Tennis
• Football • Lawn Tennis
REQUIREMENTS :
• PGT- Geography, Physics, History Hindi, Biology, Chemistry and Maths
• TGT- Hindi, Maths, Social Science Science, Computer Science, English
• PRT- Mother Teacher
• Physical Education Teacher
• Librarian
• School Counselor
• Admin Counselor
• Sports Coach
• Art & Craft, Dance & Music (Female Only)
Walk-in-Interview
February 15, 2026 (Sunday)
Timings : 9:00 a.m. onwards
FEATURING :
• Smart Classes
• Air Conditioned Class Room
• CCTV Surveillance
• Hydration Station: RO Water
• Hygienic Environment
• Learning With Comfort
• Advanced Lab Facilities
• Yoga Classes
STREAMS AVAILABLE :
• Science • Humanities
• Commerce
+91 9671954747, +91 8307856950
career.fps@gmail.com
foundationpublic









# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

## लाइफ Style



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




### एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



### स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



## रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।



## शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल


**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष'का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

### वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

#### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

#### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

#### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

## वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

## ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

### दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### पीजीआई में इलाज के लिए गया शख्स लापता

**बहादुरगढ़।** इलाज के लिए पीजीआई रोहतक जाने के लिए घर से निकला एक व्यक्ति लापता हो गया। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। लाइनपार निवासी बबीता का कहना है कि उसके पति बीमार हैं और गत 20 दिसंबर को वह इलाज कराने के लिए पीजीआई रोहतक गए थे, लेकिन वापस नहीं आए। तब से लेकर अब तक उनको काफी तलाश चुके हैं लेकिन कहीं नहीं मिले। पुलिस तलाशने में मदद करे। लाइनपार थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रवासी वेटरों से मारपीट मामले में तीन आरोपी काबू

**झज्जर।** शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में विवाह समारोह से लौट रहे प्रवासी वेटरों के साथ मारपीट करने मामले में कार्रवाई करते हुए शहर थाना और स्पेशल स्टॉफ की टीम द्वारा दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव ने बताया कि राजकुमार निवासी केशवगढ़ मध्यप्रदेश हाल किराएदार बेरी गेट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अशोक कुमार की टीम द्वारा दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजकुमार निवासी इस्माईला जिला रोहतक हाल किराएदार भट्टी गेट झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई ईंट व चाकू बरामद किया गया।

### डीसी ने की स्वच्छ भारत मिशन शहरी योजना की समीक्षा

# वार्डों में सफाई व्यवस्था की अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर निगरानी करें: उपायुक्त

**हर निकाय वार्ड-वार विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं और इसके परिणामों की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। शहरी स्वच्छता को लेकर निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

जिले के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को सुदृढ़ करने को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन शहरी, साझा बाजार, शहर में पब्लिक टॉयलेट की व्यवस्था, गारबेज प्वाइंट की सफाई, विज्ञापन पॉलिसी, शहरी क्षेत्र में स्ट्रे कैटल व डॉग प्रबंधन को लेकर विस्तार से प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए धन की कोई कमी नहीं है, निकाय अधिकारी प्रोजेक्ट के एस्टीमेट तैयार कर आगामी 25 फरवरी तक मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने वार्डों में सफाई व्यवस्था की नगर परिषद अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर निगरानी करें। नप शेड्यूल बनाकर सुबह व शाम के समय फील्ड में औचक निरीक्षण करें। हर निकाय वार्ड-वार विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं और इसके परिणामों की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### जिले की मुख्य सड़कों के डिजाइन की समीक्षा करें विभाग : डीसी

*झज्जर। रोड सेफ्टी एक अहम मुद्दा है, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और ठोस प्रयास जरूरी है। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को रोड सेफ्टी पर आयोजित मासिक बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में विभाग अपने स्तर पर निर्धारित कार्यों को समय पर पूरा करें। सड़क दुर्घटना की संभावित लोकेशन की पहचान करें। सड़क के डिजाइन में कोई गलती है तो उसकी रिपोर्ट तैयार करें। उक्त स्थानों पर भविष्य में सड़क दुर्घटनाएं घटित ना हों इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि जिले में तैनात ट्रैफिक इंचार्ज यह रिपोर्ट देंगे कि किन स्थानों पर ट्रैफिक चिन्ह लगाने की जरूरत है जिसके बाद संबंधित विभागों द्वारा ट्रैफिक साइन बिना देरी के स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएं। ओवर स्पीड, मोबाइल यूज, ड्रंकन एंड ड्राइव, बिना सीट बेल्ट आदि से संबंधित चालान अधिक से अधिक किया जाए।*

### डीसी ने पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के प्रति जागरूक करने के दिए निर्देश

*झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में कोई भी पात्र छात्र तकनीकी कारणों, दस्तावेजों की कमी या जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजों, स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और अंतिम तिथि के बारे में जानकारी दी जाए।*



झज्जर। सीनियर्स के सम्मान में विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### सीनियर्स के सम्मान में दी विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति

*झज्जर। संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में शुक्रवार को ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में जूनियर्स विद्यार्थियों ने सीनियर्स के सम्मान में विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विदा हो रहे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने जीवन में सफलता के लिए विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया। इस दौरान बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी विद्यालय के अनुभवों को सांझा किया।*

### डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति जागरूक किया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलाना में ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को बीमारियों से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हेल्थ इंस्पेक्टर जगदीप सिंह व डॉक्टर सूर्य प्रताप ने मुख्य रूप से शिरकत की। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को डेंगू के लक्षणों से अवगत कराते हुए बताया कि डेंगू में अचानक तेज बुखार होना, सिर में तेज दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द होने के लक्षण शामिल हैं। जबकि जोड़ों में सूजन, तेज दर्ज होना, कंपकंपी व थकान, ठंड के साथ बुखार आना चिकनगुनिया के लक्षण हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। वहीं राजेंद्र सिंह हुड्डा, योगिता देवी, सुनीता देवी ने डेंगू व चिकनगुनिया से बचने के लिए घरों के आसपास गड्ढों को मिट्टी से भरने, छत पर पड़े पुराने टायर या बर्तन को साफ रखने, पूरी बाजू वाले कपड़े पहनने, कीटनाशक दवा का प्रयोग करने की सलाह दी।


झज्जर। ग्राम सभा में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। शिविर में उपस्थित शिक्षक व स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेविकाओं को दी मासिक धर्म व हार्मोनल संतुलन की जानकारी

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय द्वारा खातीवास के राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं को मासिक धर्म व हार्मोनल संतुलन अवगत करवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनु बरवड़ ने बताया कि शिविर की शुरूआत योगाभ्यास से की गई। योग ट्रेनर कुमारी बबली ने स्वयंसेविकाओं को सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, कपालभाति, भुजंगासन आदि का अभ्यास कराया और उनके लाभ बताए। इसके उपरांत आयुष्मान आयोग मंदिर खातीवास से डॉ. मोनिका ने मासिक धर्म संबंधी समस्याओं व हार्मोनल संतुलन से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान स्वयं सेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए जरुरतमंद स्वयंसेविकाओं में दवाइयां भी वितरित की गई। महाविद्यालय से डॉ. कनिता ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के उपायों की जानकारी दी। इसके अलावा सुरेश कुमार ने स्वयंसेविकाओं को आत्म रक्षा के तरीकों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण भी दिया।

### प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को दी विधिक सेवाओं की जानकारी

**झज्जर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को कानूनी अधिकारों व निःशुल्क विधिक सेवाओं बारे जागरुक किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वॉलिंटियर कर्मजीत छिल्लर व संदीप ने महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि यह सेंटर घरेलू हिंसा, उत्पीड़न एवं अन्य किसी भी प्रकार की हिंसा की स्थिति में महिलाओं को कानूनी सहायता, परामर्श, चिकित्सीय सहयोग तथा अस्थायी आश्रय जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों एवं अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यालय सहायक आशीष शर्मा, कुसुम, रेखा व शशि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को संबोधित करते हुए वॉलंटियर कर्मजीत छिल्लर।

## न्यूज डायरी



झज्जर। बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा में पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री के साथ उपस्थित संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा ने गांवों में किया जागरूक

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा जिले में चलाई जा रही बाल विवाह मुक्ति रथ के अंतर्गत शुक्रवार को टीम सदस्यों ने क्षेत्र के गांव सिंकरदरपुर, उखलचना व शहरी क्षेत्र में पहुंच कर लोगों को जागरूक किया। लघु सचिवालय परिसर में पहुंची रथ यात्रा के दौरान पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री ने टीम सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि लोग अज्ञानता व गरीबी के चलते कम उम्र में ही अपने बच्चों की शादी करा देते हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की शादी उनके बालिग होने पर ही करें। हमें अपनी सोच बदलनी होगी और बेटियों को पढ़ा-लिखा कर काबिल बनाना होगा। डीसीपी क्राइम अमित कुमार ने कहा कि बाल विवाह बच्चों का मानसिक विकास रोकता है और उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। अधिकारियों ने टीम द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए रथ पर हस्ताक्षर भी किए। इस मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार, संदीप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वालिंटियर कर्मजीत छिल्लर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल पर संकट


झज्जर। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** दिन के समय बढ़ रहे तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। फरवरी माह में ही तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसान मन्नू गुर्जर, भोलू, जीते सैनी ने बताया कि समय से पहले गर्मी गेहूं की फसल के लिए चिंता का कारण है। आमतौर पर फरवरी-मार्च में हल्की ठंडक गेहूं की बालियों के विकास के लिए अनुकूल मानी जाती है, लेकिन इस बार तापमान में हुई बढ़ोतरी का असर गेहूं के उत्पादन पर पड़ेगा। वहीं फसल में बीमारियां बनने का भी खतरा मंडराने लगा है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह तापमान बढ़ता रहा तो पैदावार घटने का डर है। ऐसे में पूरी मेहनत पर पानी फिर सकता है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि किसान फसल की नियमित निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करते रहें ताकि खेत का तापमान संतुलित रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित पोस्टर मेकिंग के विजेता विद्यार्थी।

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में शुक्रवार को शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में चौथी कक्षा से रुद्रा व मेधावी प्रथम, काव्या, जिया व परीक्षा द्वितीय, चारवी, वासु, प्रज्ञा और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पांचवीं से परी व राशि प्रथम, प्रियांशी व परिधि द्वितीय, यशिका, सनाया व छमुन तृतीय रहे। छठी से कनिष्का, खुशी व पलक प्रथम, ख्वाइश, रिया सैनी व शगुन द्वितीय और दिव्यांशी, भूमि व रिया तृतीय स्थान पर रहे। सातवीं से पलक व भारती प्रथम, वत्सल द्वितीय, चित्रांशी तृतीय तथा आठवीं कक्षा से सोनम ने पहला, दीक्षा ने दूसरा व नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं।

### समाधान शिविरों में प्राप्त कुल 5603 शिकायतों में से केवल 139 पेंडिंग

**झज्जर।** समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक में कही। शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का गंभीरता से समाधान किया जाए और किसी भी स्तर पर उसे लंबित न रखा जाए। समाधान की अद्यतन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। बैठक में सीटीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त कुल 5603 शिकायतों में से केवल 139 पेंडिंग है।

### रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने दिखाया उत्साह



**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन में शुक्रवार को यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा 13 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि शिविर में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में प्राचार्या डॉक्टर संतोष ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया। संस्थान निदेशक डॉ. ऋषि गोयल ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन पर टीम सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर डॉक्टर संदीप, सतपाल, सीमा, डॉक्टर प्रगट, डॉक्टर राजवंती, योगेश, महिपाल, विद्यार्थी उन्मुक्त, आयान, आदित्य, शिवम, शुभम, कृत, टीना, भारती, सोहन, प्रज्ञा, आकाश, हिमांशी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जिंदगी की सांझ का सम्मान है बुढ़ापा पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



■ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने सम्मान पेंशन में की जा रही कटौती पर प्रतिक्रिया व्यक्त की

हरियाणा की धरती पर ईश्वर की अनुपम रचना मानवता को सदैव सम्मान मिला है। आज से लगभग 38 वर्ष पूर्व जिंदगी की सांझ को सम्मान देने के उद्देश्य से वृद्धावस्था पेंशन योजना लागू की गई थी। यह योजना इतनी कल्याणकारी सिद्ध हुई कि समय-समय पर इसका दायरा और राशि बढ़ाई जाती रही। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने सम्मान पेंशन में की जा रही कटौती पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में सरकारें समाज कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होती हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस सरकार ने बड़ा दिल दिखाते हुए सम्मान भत्ते को सम्मान पेंशन का दर्जा दिया और उसमें वार्षिक वृद्धि सुनिश्चित की। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने थोक भाव में सम्मान पेंशन में कटौती कर वृद्ध, विकलांग, विधवा, विधुर, असहाय एवं दिव्यांगजनों को दफ्तरों और सड़कों के चक्कर काटने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पोर्टल और तकनीकी प्रक्रियाओं का डर दिखाकर बिचौलियों द्वारा घूसखोरी का व्यापार चलाया जा रहा है। ऐसे में परिवेदना समिति की बैठकें और प्रशासन के समाधान शिविर आमजन के लिए बेमानी साबित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेंशन कटौती पर तुरंत श्वेत पत्र जारी किया जाए, क्योंकि यह जनहित से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन जिंदगी की सांझ का सम्मान है। यह पेंशन दिव्यांग, विधुर, विधवा और बुढ़ापे के साये में जीवन यापन कर रही मानवता का सम्मान है, कोई खैरात नहीं। भाजपा ने अपने चुनाव संकल्प पत्र में वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन अब बढ़ोतरी के बजाय कटौती का आरा चला दिया गया है।

### निर्माण तोड़ने पर सीएम से की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की शिकायत


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से शिकायत करते नवीन राठी।

**बहादुरगढ़।** शहर के देवनगर निवासी नवीन राठी ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात कर प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। उनके अनुसार झूठी शिकायत देकर उनके प्लाट की चारदीवारी व कमरा तुड़वाया गया है, जबकि वहां एक भाजपा नेता समेत अन्य ने अवैध तरीके से घर बनाए हुए हैं। उन्होंने सीएम से कहा कि ऐसे लोग सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। कुछ अधिकारी भी इनके बहकावे में आकर गलत काम कर रहे हैं।

### चोरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**बहादुरगढ़।** मेन बाजार स्थित गारमेंट शॉप में हुई चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए सिटी थाना व सीआईए सहित पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। वारदात स्थल से लेकर काफी दूर तक कई कैमरे खंगाले जा चुके हैं, लेकिन फिलहाल चोरों का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। बुधवार रात को कमेटी चौक स्थित नेहा गारमेंट्स में कपड़े और नकदी चोरी हो गई थी। दरअसल, चोर साथ लगती ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाने आए थे। दो दरवाजे तोड़ने के बाद ज्वेलरी शॉप में नहीं घुस सके तो गारमेंट शॉप से सामान समेट कर चंपत हो गए। रात के वक्त नेहा गारमेंट्स शॉप के कैमरे बंद थे। इसलिए यह भी स्पष्ट नहीं है कि वारदात किस समय और कितने चोरों ने अंजाम दी। पीछे लगती गली के रास्ते चोरों के आने व जाने की आशंका है। लेकिन उस तरफ भी पुलिस को कोई फुटेज नहीं मिली। मेन बाजार, कमेटी चौक, धर्मपुरा, रोहतक-दिल्ली रोड पर पुलिस काफी कैमरे खंगाल चुकी है लेकिन चोरों तक पहुंचने का सुराग नहीं मिल सका है।

**NOTICE**

I, Jivini W/o JC191134Y Ex. Sub. Sant Ram R/o H.No. 662, Sector-6, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana declare that I have changed my name from Jivini to Jivni Devi. I shall be known by the new name as Jivni Devi in future and my date of birth is 06.08.1952.

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल (1/2), मिनाक्षी (पुत्री), मीरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री), शशि मलिक (पत्नी) (1/2) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application no. 0187635936 के तहत Online NDC Portal पर Property Id No. 3BRMD532 वार्ड नम्बर 18/420 कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में गोविंद मलिक सुरेंद्र मलिक के नाम दर्ज है। गोविंद मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BRMD532 वार्ड नम्बर 18/420 कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3BRMD532/472.22 वर्ग गज प्रार्थी सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल (1/2), मिनाक्षी (पुत्री), मीरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री), शशि मलिक (पत्नी) (1/2) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

### कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में आयोजित हुई नौकायन प्रतियोगिता

# गोल्ड मेडल विजेता ओनिका को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर नौकायन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली होनहार छात्रा ओनिका को सम्मानित किया गया। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शरद यादव ने ग्यारह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया।

प्राचार्य डॉक्टर मंजीत कुमार ने बताया कि इनके अलावा पूर्व सैनिक संघ से कैप्टन युद्धवीर, ग्राम सरपंच डॉक्टर रामकिशोर, कृष्ण, कैप्टन सतीश, कैप्टन रामौतार, सूबेदार सूरत सिंह, मास्टर सतबीर आदि ने होनहार छात्रा को प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार ओनिका को प्रोत्साहन राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते हुए शिक्षक व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### इंटर पॉलिटेक्निक फुटबॉल मैच में आदमपुर की टीम रही प्रथम


झज्जर। परिसर में उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित दो दिवसीय इंटर पॉलिटेक्निक फुटबॉल मैच शुक्रवार को संपन्न हो गए। प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक आदमपुर ने प्रथम, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हिसार ने द्वितीय व गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक झज्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दिगपाल सिंह ने सभी विजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रशांत, शीशपाल, विकास गोयल, शक्तिराज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सहायक उपकरण जांच माप तोल शिविर आज

**झज्जर।** अरावली पावर कंपनी लिमिटेड तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, नई दिल्ली के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों की जांच-मापतोल के लिए विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को रेडक्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सीएसआर योजना के तहत निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे दैनिक जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बन सकें और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हो।

### 16 फरवरी से होगी श्रीमद् भागवत कथा

**बहादुरगढ़।** परोपकारी सभा श्री सनातन धर्म महावीर मंदिर द्वारा सोमवार 16 फरवरी से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। परोपकारी सभा श्री सनातन धर्म महावीर मंदिर के प्रधान जगदीश ऐलावादी ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा से कार्यक्रम शुरू होगा। श्री धाम वृंदावन वाले हित चरण अतुल कृष्ण शास्त्री महाराज सोमवार से शनिवार तक दोपहर अढ़ाई बजे से सायं 6 बजे तक कथा सुनाएंगे।

### छोटूराम नगर में मकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में मकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायतकर्ता राजेश का कहना है कि उसने 9 फरवरी को मकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की थी। दस फरवरी की सुबह देखा तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। वहीं, लाइनपार थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 1.76 लाख की ठगी का आरोपी किया गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर 1.76 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर कुमार ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी कर्मचारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया था कि 12 मार्च 2025 को उसे टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज प्राप्त हुआ। इसके बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन टास्क पूरे करने के बदले रुपये कमाने का लालच दिया गया। शुरुआत में 500 रुपये निवेश करवाकर 850 रुपये वापस दिए गए। इसके बाद ठगों ने विभिन्न टास्क और बहानों से बार-बार रकम जमा करवाई और कुल 1,76,000 से अधिक की ठगी कर ली। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोटा राजस्थान निवासी आरोपी चिरागुद्दीन कुरैशी को पकड़ा गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता पांच हजार में उपलब्ध कराया था। जिसका उपयोग ठगी की रकम ट्रांसफर करने में किया गया। आरोपी के खिलाफ कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

राष्ट्रीय महिला दिवस पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में करवाई प्रतियोगिता

# छात्राओं ने नारी शक्ति, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर कविताएं प्रस्तुत कीं



बहादुरगढ़। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहित करती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका, द्वितीय योगिता एवं ज्योति, तृतीय स्थान शिवानी, प्रिया व मेघा ने प्राप्त किया
- सांत्वना पुरस्कार अंजलि व प्रिया को मिला

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस पर भावी अध्यापिकाओं में नारी सम्मान, समानता, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अंतर सदनीय कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भावी अध्यापिकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल ने कविताओं की विषयवस्तु, प्रस्तुति शैली, भाव-प्रवणता एवं संदेश के आधार पर विजेता छात्राओं का चयन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका, द्वितीय स्थान योगिता एवं ज्योति, तृतीय स्थान शिवानी, प्रिया व मेघा ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार अंजलि व प्रिया को मिला। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं कवयित्री सरोजिनी नायडू की जयंती पर छात्राओं ने कविता के माध्यम से नारी चेतना, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के संदेश को प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नारी शक्ति, शिक्षा, आत्मनिर्भरता, महिला अधिकार एवं सामाजिक बदलाव जैसे विषयों पर प्रभावशाली कविताएं प्रस्तुत कीं। भावी अध्यापिकाओं ने अपनी कविताओं के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष, उपलब्धियों तथा अधिकारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उनके अनुसार युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला रखेगी।




### जांच शिविर का 365 महिलाओं ने उठाया लाभ

**झज्जर।** राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संस्कारम विश्वविद्यालय और संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा गुरुग्राम जिले के फारुखनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इस शिविर में निकटवर्ती क्षेत्र की 365 महिलाओं ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में टीम सदस्यों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप जांच, शुगर जांच, स्त्री रोग संबंधी परामर्श तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ईसीजी द्वारा हृदय संबंधी रोगों की जांच की गई तथा कुछ जटिल बीमारियों का इलाज करने से संबंधित लैब में खून जांच के लिए नमूने एकत्र किए गए। चिकित्सीय टीम द्वारा अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं बारे अवगत कराते हुए शिविर में पहुंची महिलाओं को बताया कि उनके हॉस्पिटल में आयुर्वेद की पंचकर्म थैरेपी से वमन, विरेचन, बस्ती, नास्य, रक्तमोक्षण आदि चिकित्सा विधियों से अनेक रोगों का इलाज किया जाता है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला है। महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और जागरुकता हमारा सामाजिक दायित्व है। यदि महिला स्वस्थ है तो परिवार और समाज दोनों सशक्त बनते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अस्पताल भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, तीन घायल

- लाइनपार में बराही रोड पर हुआ हादसा, एक की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र में गुरुवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बराही रोड पर फोर्टेशिया के पास दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। शिकायत के आधार पर लाइनपार पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान सचिन के रूप में हुई है। सचिन लाइनपार के सुभाष नगर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह बाइक पर सवार होकर बराही से बहादुरगढ़ की तरफ आ रहा था। बाइक पर उसके पीछे उसका दोस्त अर्पण भी बैठा था। जब वे फोर्टेशिया हाउसिंग सोसाइटी के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही एक बाइक के साथ सीधी टक्कर हो गई। इस दूसरी बाइक पर दक्ष और उसके पिता सुधीर सवार थे। हादसे में दोनों बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई और चारों को गंभीर चोट आई। सिर में गंभीर चोट के कारण सचिन की जान चली गई, जबकि अन्य तीनों को राहगीरों द्वारा अस्पताल में ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद अर्पण को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उधर, पुलिस ने अर्पण की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को सचिन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, हादसे में घायल हुए दक्ष की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। लाइनपार थाना पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### राजमिस्त्री की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के रिवाड़ी खेड़ा गांव के बस स्टैंड पर तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव खेड़ी आसरा निवासी करीब 35 वर्षीय नीर पुत्र गोपीराम के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई बसंत ने बताया कि वह और उसका भाई नीर कुमार मकान बनाने का काम करते हैं। उन्होंने मातन गांव में मकान बनाने का काम ले रखा है। जब वे काम निपटा कर वीरवार की शाम करीब साढ़े छह बजे रिवाड़ी खेड़ा बस स्टैंड पर पहुंचे तो बहादुरगढ़ की तरफ से तेज गति से आ रही गाड़ी ने उसके भाई नीर को टक्कर मार दी। बसंत के अनुसार इसके बाद वह टक्कर लगने गंभीर रूप से घायल अपने भाई को अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में बसंत ने गाड़ी नंबर से भी अवगत कराया है। मामले के जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि शुक्रवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

## सरपंच और उसके परिवार पर लगाए मारपीट के आरोप

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कसार के सरपंच टोनी, उसके भाई व अन्य परिजनों पर रास्ता रोककर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगे हैं। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने आरोपी सरपंच के खिलाफ कई जगह भ्रष्टाचार की शिकायत दी हुई है।

पुलिस को दी शिकायत में कसार के निवासी महेंद्र ने कहा है कि 11 फरवरी को वह पंचायत घर के निकट चौराहे से गुजर रहा था। इस दौरान ग्राम सरपंच टोनी कुमार ने अपना ट्रैक्टर मेरी स्कूटी के आगे अड़ा दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसी बीच टोनी का भाई ओमदत्त व राजेंद्र सहित अन्य लोग स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए। सभी ने मुझ पर तेजधार हथियार व लाठी से हमला कर दिया। हमले में मुझे काफी चोट आई। नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

दरअसल, मैंने सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार व गबन आदि की शिकायत प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सीजेआई व सीएम विंडो आदि में कर रखी है। वहीं मारपीट व धमकी देने की शिकायत पुलिस को दी है। उसी रंजिश में मुझ पर यह हमला किया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मामले में निष्पक्ष जांच करे। उधर, सेक्टर 6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर टोनी, ओमदत्त सहित छह लोगों पर एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

## बिजली निगम से 106 कर्मचारियों को हटाने पर विधायक को सौंपा ज्ञापन

- ठेकेदार के अधीन करीब 10 वर्ष से काम कर रहे थे कर्मचारी
- 8 फरवरी 2026 की रात को समाप्त हो चुका है कंपनी का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ठेकेदारी प्रथा के तहत बिजली निगम में कार्यरत 106 कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं समाप्त होने के बाद विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपकर रोजगार बहाली की मांग की है। विधायक ने कहा कि वे इस मांग को प्रमुखता के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष रखकर पूरा करवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

सत्यनारायण, प्रदीप, नरेश, अरविंद, रमेश, अजय, अजीत, नवदीप, साहिल, विकास कुमार, पवन, मंदीप, संजय, अमरजीत व नीरज आदि कर्मचारियों ने विधायक को बताया कि वे 16 अप्रैल 2016 से बिजली निगम में कंपनी के माध्यम से कार्य कर रहे थे, लेकिन फरवरी 2026 में कंपनी का टेंडर समाप्त होने के चलते 8 फरवरी की रात 12 बजे से सभी कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। कर्मचारियों ने विधायक राजेश जून को ज्ञापन देकर अनुरोध किया कि वे उनकी समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखें और सभी 106 कर्मचारियों को दोबारा हरियाणा कौशल रोजगार के माध्यम से रोजगार दिलाने के लिए कदम उठाएं।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते प्रभावित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## आरईडी स्कूल में पुलवामा के शहीदों को किया नमन



झज्जर। पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** आरईडी स्कूल में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने शहीदों के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या गीता गाबा ने बताया कि इस विद्यार्थियों द्वारा शहीदों के लिए देश भक्ति पर आधारित कविता का वाचन किया गया एवं एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी।

पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज रोहतक में हुई थी विज्ञान प्रदर्शनी

## यशवीर व भूपेश के स्मार्ट सिटी मॉडल को राज्य स्तर पर मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भौतिकी विभाग का मॉडल राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरे स्थान पर रहा। बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों यशवीर और भूपेश ने ऊर्जा दक्ष स्मार्ट सिटी पर आधारित अनूठा मॉडल बनाकर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विज्ञान समिति संयोजक रसायन शास्त्र प्राध्यापक राकेश पसरीजा ने बताया कि पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दस जोन के कॉलेजों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इसे मॉडल को विकसित करने के लिए हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड योजना के अंतर्गत रिसर्च प्रोजेक्ट प्रस्ताव जमा कर सकते हैं, जिसके तहत प्रत्येक परियोजना के लिए पांच लाख रुपये तक की अनुदान राशि प्रदान की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल भविष्य की स्मार्ट और टिकाऊ शहरी व्यवस्था का व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसमें स्वचालित स्ट्रीट लाइट प्रणाली लगाई गई, जो अंधेरा होते ही अपने आप जल जाती है, सोलर ट्रैकर सूरज की दिशा के अनुसार सोलर पैनल को घुमाकर अधिकतम ऊर्जा उत्पन्न करता है, वायरलेस कार चार्जिंग प्रणाली से वाहन स्वतः चार्ज हो जाते हैं, भूकंप सेंसर बड़ी इमारतों में भूकंप आने से पहले चेतावनी संकेत देता है, स्मार्ट डस्टबिन कचरा भरते ही नगर निगम को सूचना भेज देता है तथा स्वचालित वर्षा-सुरक्षा उपकरण बारिश होने पर पानी से खराब होने वाले सामान को तुरंत सुरक्षित कर देता है।



झज्जर। महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ होनहार प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

शिक्षकों ने प्रस्तुत की प्रगति रिपोर्ट

## लडरावण के राजकीय स्कूल में पीटीएम, बोर्ड परीक्षा पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शुक्रवार को गांव लडरावण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा पद्धति, समय-सारणी तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रवि धनखड़ के साथ कानोंदा स्कूल की प्रिंसिपल सरोज देवी, आसौदा स्कूल के प्रिंसिपल ऋषि कुमार, कुलासी स्कूल के प्रिंसिपल कप्तान सिंह, सिद्दीपुर स्कूल के प्रवक्ता दीपक छिल्लर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए उपयोगी सुझाव दिए तथा अभिभावकों को बच्चों के अध्ययन वातावरण को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की और कमजोर विषयों में सुधार के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया। अभिभावकों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेंगे।



बहादुरगढ़। लडरावण स्कूल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर चर्चा करते शिक्षक विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सैनिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

## आयुषी मिस और प्रथम बने मिस्टर सैनिक स्कूल, मानसी तथा अभिनव रनरअप रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सैनिक पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन तथा नाटक प्रस्तुत किया गया। पहनावे तथा प्रश्नोत्तरी के आधार पर आयुषी मिस सैनिक स्कूल तथा प्रथम मिस्टर सैनिक स्कूल चुने गए, जबकि मानसी तथा अभिनव रनरअप रहे। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पूरे विद्यालय परिसर को गुब्बारों तथा फूलों से सजाया।

वंश भुटानी ने मिस्टर पंक्चुअल का टाइटल जीता

अदिति, आयुष, निखिल, तन्नू, भूमिका, अमिता, रिया, अंजलि, कुश, प्राची व मुकुल इत्यादि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंश भुटानी ने 98 प्रतिशत उपस्थिति के साथ मिस्टर पंक्चुअल का टाइटल जीता। वैल ड्रेस का ख़िताब मिस मुस्कान तथा मिस्टर नितिन ने जीता। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि स्कूल की छात्रा श्वेता चीन में भारत की उप उच्चायुक्त के पद पर नियुक्त हुई है। श्वेता की अगुवाई में ही अफगानिस्तान में देवीय शक्ति मुहीम चलाकर लाखों भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया था। प्रधानमंत्री ने भी श्वेता की खूब प्रशंसा की थी। उषा भारद्वाज ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उपहार दिए। सभी ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को यादगार विदाई दी।



बहादुरगढ़। आयुषी और प्रथम के साथ प्रिंसिपल व अन्य स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कार्यशाला में 200 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाकर लिया भाग

# बायोडाटा बनाने और इंटरव्यू की तैयारी पर दिए टिप्स

- डिग्री के साथ-साथ आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का होना जरूरी : सुमन हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में कौशल संवर्धन कार्यशाला के अंतिम दिन जॉब फेयर लगाया गया। विभिन्न गतिविधियों में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान रिज्यूमे निर्माण एवं साक्षात्कार कौशल विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

प्राचार्य दलबीर सिंह एवं उपप्राचार्या सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला के दौरान मेधा संस्था से मैनेजर दीक्षा सिंह ने प्रभावी बायोडाटा लेखन, आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतीकरण तथा साक्षात्कार की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जॉब फेयर का उद्घाटन करते हुए उपप्राचार्या सुमन हुड्डा ने कहा कि प्रतिस्पर्धी युग केवल डिग्री का नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण का है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मंच संचालन हीरा रापड़िया द्वारा किया गया। जॉब फेयर में कैप्टन बायोटेक, स्पर्श पॉलिकेम, निर्वाणा एंटरप्राइजेज, क्रेशुअल एसेंड ग्राफिक डिजाइनिंग, स्किल गुरु डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी तथा साईं मोटर्स समेत 6 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। विभिन्न पदों के लिए प्रतिभागी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए गए। प्लेसमेंट सेल की प्रभारी रीना कुमारी ने बताया कि छात्र प्रतिनिधि के रूप में प्रियांशु, विधिता आर्या, रिया, करुणा, साबरीन व केशव ने समन्वय एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। वर्कशॉप के समापन पर प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि